पण्डितों ने कहे है वह उपाय दैवके आधीन है । १२ । हमारे जो महारथी वीर देवताओं के समान नीतिमान भक्तिमान और सावधनता में योग्यथे वह तो मारेगये ।१३। परन्तु हमलोगोंको विजय से निराश होना भी न चाहिये इस लोक में अच्छी रीति से कियेहुये नीति आदि सब अर्थों से दैव भी अनकूल किया जाता है ।१४ हेराजा यह लोग हम सबों में अत्यन्त श्रेष्ठ गुणों से भरेहुये कर्णकोही सेनापति के अधिकार पर अभिषेक करावेंगे ।१५। और कर्ण को सेनापतिकरके शत्रुओं को मारेंगे निश्चय करके यह बड़ा पराक्रमी शूरवीर अस्त्र युद्धमें दुर्म्मद यमराज के समान असह्य लड़ाई में शत्रुओं के विजय करनेको इन्द्रकेही समान है ।१६। हे राजा अश्वत्थामाके इस वचनको सुनकर आपके पुत्रने कर्णमें यह बड़ा भरोसाकिया ।१७। कि भीष्म औरद्रोणाचार्य के मरनेपर यही पाण्डवोंको मारेगा इसआशा को हृदय में धारण करके बड़ा विश्वासयुक्त होकर । १८ । प्रसन्नचित्त दुर्योधन उस प्रीति सत्कारसे युक्त प्रियतम अपनी वृद्धि करनेवाले वचनको सुनकर ।१९। अपने मनको अच्छीरीतिसे दृढ़करके

said, "Wise men have pointed out the ways of faithfulness towards masters, knowing of time of place and success in enterprises by strength and policy; but these all depend upon Destiny. Our great warriors who were faithful, careful and masters of policy like gods, are all slain, but we should not despair of victory. Even Destiny can be propitated by acts done in a proper manner. Those warriors were full of good qualities. Let us instal Karan on the post of the commander of armies. With Karan as our leader, we shall slay our enemies. Surely this great warrior, is uncontrollable like Yam, and like Indra in conquering foes." Having heard Ashwathama's words, your son looked up to Karan to be able to slay the Pandavas after the Bhishm and Drona. With this hope firm in his mind, Duryodhan, pleased

समवस्थाप्य बाहुवीर्य्यमुपाश्रितः । दुर्य्योधनो महाराज राधेयमिदमब्रवीत् ॥ २० ॥ कर्ण जानामि ते वीर्य्यं सौहृदं च परं मयि । तथापि त्वां महाबाहो प्रवक्ष्यामि हितं वचः ॥ २१ ॥ भीष्म द्रोणावतिरथौ हतौ सेनापतीमम । सेनापतिर्भवानस्तु ताभ्यां द्रविणवत्तरः ॥२२॥ वृद्धौ हि तौ महेष्वासौ सोपेक्षौ च धनञ्जये । मानितौ च मया वीरौ राधेय वचनात्तव ॥ २३॥ पितामहत्वं संप्रेक्ष्य पाण्डुपुत्रा महारणे । रक्षितास्तात भीष्मेण दिवसानि दशैव च ॥ २४ ॥ न्यस्तशस्त्रे च भवति हतो भीष्म प्रतापवान् । शिखण्डिनं पुरस्कृत्य फाल्गुनेन महाहवे ॥२५॥ हते तस्मिन् महेष्वासे शरतल्पगते तदा त्वयोक्तं पुरुषव्याघ्र द्रोणो ह्यासीत् पुरः सरः ॥२६॥ तेनापि रक्षिताः पार्थाः शिष्यास्वा दिति मे मतिः । सचापि विहतो वृद्धो धृष्टद्युम्नेन सत्वरम् ॥ २७ ॥ निहताभ्यां प्रधा

अपनी भुजाओं के बल में रक्षितहोकर कर्ण से यह वचन बोला । २० । कि हे कर्ण मैं तेरे पराक्रम को और अपने ऊपर जो तेरी प्रीति है उसको अच्छी रीति से जानता हूं हे महाबाहो मैंभी तुमसे सुन्दर फलयुक्त वचनकहूंगा । २१ । मेरेसेनापति अतिरथी भीष्म और द्रोणाचार्य मारेगये उनसेभी अधिक आप पराक्रमी होकर सेनापति हूजिये । २२ । वह दोनों वृद्ध महा धनुषधारी अर्जुन से मेलरखते थे हे कर्ण मैंने तेरेकहने से दोनों की बड़ीप्रतिष्ठा करीथी । २३ । हेतात भीष्मजी ने अपनेको बाबा समझकर बड़ेयुद्ध में दशों दिनतक पांडवोंकी रक्षाकरी: । २४ । आपके शस्त्ररहित होने पर शिखण्डी को आगेकरके अर्जुन के हाथ से भीष्म-पितामह मारेगये २५ हेपुरुषोत्तम उस पुरुष सिंह के मरने और शरसय्यापर विराजमान होनेपर तेरेकहने से द्रोणाचार्य्य संग्राम में सन्मुख हुये २६ उन्होंने भी अपना शिष्य जानकर पांडवों की रक्षाकरी वह वृद्धभी शीघ्रताही धृष्टद्युम्न के हाथसे मारेगये । २७ । इन दोनों प्रधान पुरुषोंके मरनेसे चिन्ता युक्त होकर

to hear the predictions of his success, made a firm resolve and relying on the strength of his arms, thus addressed Karan, (20) "I know well your prowess in battle as well as the love you bear towards me, O Karan. I give you my blessings, brave man. You will do greater deeds of prowess than those of valiant Bhishm and Drona, who have been slain. The two old warriors were friendly towards Arjun, although, by your advice, I treated them with great respect. Being the grandfather of the Pandavas, Bhishm protected them during the ten days of his tenure, and because you desisted from fighting, Arjun led by Shikhandi, succeeded in slaying him. 25. At the fall of that lion on the bed of arrows, I appointed Drona in his place by your advice. He spared the Pandavas, because they were his pupils and was soon killed by

नाभ्यां ताभ्यामभिविक्रमम् । त्वत्समं समरे योधं नान्यं पश्यामि चिन्तयन् ॥ २८ ॥ भवानेवाद्य नः शक्तो विजयाय न संशयः । पूर्वं मध्ये च पश्चाच्च भवतैव विहितं हितम् ॥ २९ ॥ स भवान् धुर्य्यवत् संख्ये धुरमुद्वोढुमर्हति । अभिषेचय सेनान्ये स्वयमात्मानमात्मना ॥ ३०॥ देवतानां यथा स्कन्दः सेनानीः प्रमरव्ययः । तथा भवानिमां सेनां धार्त्तराष्ट्रीं बिभर्तुं वै ॥ ३१ ॥ जहि शत्रुगणान्सर्वान् महेन्द्रो दानवानिव ॥ ३२ ॥ अवस्थितं रणे दृष्ट्वा पाण्डवास्त्वां महारथाः । द्रविष्यन्ति च पाञ्चाला विष्णुं दृष्ट्वेव दानवाः ॥ ३३ ॥ तस्मात्त्वं पुरुषव्याघ्र प्रकर्षैतां महाचमूम् ॥ ३५ ॥ भवत्यवस्थिते यत्ते पाण्डवा मन्दचेतसः द्रविष्यन्ति सहामात्या, पाञ्चालाः सृञ्जयाश्च ह ॥ ३६॥ यथा ह्युदितो सूर्य्यः प्रतपन् स्वेन तेजसा । व्यपोहति तमस्तीव्रं तथा शत्रून् प्रतापय ॥ ३७ ॥ सञ्जय उवाच । आशा बलवती राजन् पुत्रस्य तव याभ

मैं तुझबड़े पराक्रमी के समान किसी शूरवीरको नहीं देखताहूं । २८ । हमलोगों के बीचमें आपही आदि मध्य और अन्त में विजय करनेको समर्थहो और जिसरीति आपने सदैव मेरा हित किया है । २९ । उसीप्रकार आप बैलके समान धुरके उठाने के योग्यहो मैं आपको सेनापति के अधिकारपर अभिषेक करूंगा । ३० । जैसेकि देवताओं के सेनापति प्रभु अविनाशी स्वामिकार्तिक जी हैं उसीप्रकार आप मेरी सेनाकी रक्षाकरो । ३१ । जैसे कि महाइन्द्र युद्धमें दानवों को मारता है । ३२ । उसीप्रकार आपभी हमारे शत्रुओंको मारिये तुमको सम्मुख देखकर महारथी पांडव और पांचाललोग ऐसे युद्धमें से भागेंगे जैसे कि विष्णुजी को देखकर दानव भागते हैं इसहेतुसे हे पुरुषोत्तम तुम इस बड़ी सेनाको अपनी रक्षा में करो । ३५ । आपको युद्धमें उपाय करताहुआ देखकर मंत्रियों समेत पांडव सृंजय औरपांचाल देशी यह सब भागेंगे । ३६ । जैसे उदयहुआ सूर्य अपने तेजसे तपाताहुआ महाघोर अन्धकारको विध्वंश करता है उसीप्रकार तुमभी शत्रुओंको तपाओ ।३७ ।

Dhrishtadyumn. Sorrowing for the death of those two grand men, I see no warrior to be your equal. Whether in the beginning or middle or end, you alone are capable of conquering the enemy. You have always been my well wisher and are capable of bearing the burden like an ox; I shall annoint you as the commander of my armies. 30. Like immortal lord Kartik the leader of gods, you will protect my army. You will slay my enemies as Indra does the danavas. The Panchals and the Pandavas shall run away from your presence as the Danavas do from Vishnu. Take the huge army in your protection. 35. The Pandavas with the Srinjayas and Panchals will scamper away from your presence. You will scorch and rout the enemies as the Sun dispels darkness by his light." Sanjaya continued,

वत् । हते भीष्मे च द्रोणे च कर्णो जेष्यति पाण्डवान्॥३८॥तामाशां हृदये कृत्वा कर्णमेवं तदाब्रवीत् । सूतपुत्र न ते पार्थः स्वयं चात्र संयुयुत्सति ॥ ३९ ॥ कर्ण उवाच । उक्तमेतन्मया पूर्वं गान्धारे तव सन्निधौ । जेष्यामि पाण्डवान्सर्वान् सपुत्रान् सजनार्दनान् ॥४०॥ सेनापतिर्भविष्यामि तवाहं नात्र संशयः । स्थितो भव महाराज जिनान् विद्धि च पाण्डवान् ॥ ४१ ॥ सञ्जय उवाच । एवमुक्तस्तु महाराज ततो दुर्योधनो नृपः । उत्तस्थौ राजभिः सार्द्धं देवैरिव शतक्रतुः । सेनापत्येन सत्कर्तुं कर्णं स्कन्दमिवामराः ॥ ४२॥ ततोऽभिषिषिचुः कर्णं विधिदृष्टेन कर्मणा । दुर्योधनमुखा राजन् राजानो विजयैषिणः ॥ ४३ ॥ शातकुम्भमयैः कुम्भैर्मन्त्रैश्चैवानुमन्त्रितैः । सोदपूर्णैर्विषाणैश्च द्विपखड्गमहर्षभैः ॥ ४४ ॥ मणिमुक्तायुतैश्चान्यैः पुण्यगन्धैस्तथौषधैः । औदुम्बरे सुखासी

संजयबोले हे राजा आपके पुत्रकी यही आशा प्रबलहुई कि भीष्म और द्रोणके मरनेपर यह कर्ण पाण्डवोंको अवश्य मारेगा । ३८ । इस आशाको हृदय में धरकर इसप्रकार कर्ण से बोला हे कर्ण वह अर्जुन तेरे सम्मुख युद्ध करने की इच्छा नहीं करताहै । ३९ । कर्ण बोला हे गांधारी के पुत्र मैंने प्रथमही यह तुझसे कहा है कि मैं पुत्र पौत्र और श्रीकृष्णजीसमेत सबपांडवोंको विजयकरूंगा । ४० । मैं निस्संदेह तेरा सेनापति बनूंगा हे महाराज आप तय्यार हूजिये और पाण्डवोंको विजय कियाजानो । ४१ । संजय बोले हे महाराज इसबातके सुनते ही राजादुर्योधन अपने राजाओंसमेत ऐसा उठा जिसप्रकार देवताओं समेतइन्द्र उठताहै । ४२। अर्थात् सेनापति बनाने के लिये कर्ण के सत्कार करनेको ऐसा उठा जैसे कि स्वामिकार्तिक के अभिषेक कराने को देवताओं समेत इन्द्र उठाथा इसके पीछे विजयाभिलाषी उन सब राजाओं ने जिनका अग्रगामी दुर्योधनथा सुवर्णके कलश और अभिमंत्रित मृण्मयपात्र हाथी के दांतके पात्र गैंडेके सींगके पात्र वा अन्य यज्ञपशुओं के दांतों के पात्र मणि मोतियों से आच्छादित वा बहुतसी सुगन्धित द्रव्यों से युक्त जलपूरित पात्र और गंधाक्षत आदि अभिषेक की वस्तुओं सेवेदोक्त

"Your son, O king, had strong hope, after the death of Bhishm and Drona, that Karan would destroy the Pandavas. With that hope strong in his mind, he said to Karan. "Arjun has no desire to come on to oppose you." Karan said, "I have already told you that I shall conquer the Pandavas together with their sons, grandsons and Shri Krishn. 40. I am willing to lead your armies Be ready, Prince, and regard the Pandavas as vanquished." Sanjaya said, "On hearing these words Duryodhan rose up like Indra accompanied by gods. He stood up to annoint him as Indra had done when he annointed Kartik as commander of the army of gods. Then all the princes, desirous of victory, led by Duryodhan, sprinkled over Karan

नमासने क्षौमसंवृते । शास्त्रदृष्टेन विधिना सम्भारैश्च सुसंभृतैः ॥ ४५ ॥ ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्यास्तथा शूद्राश्च सम्मताः । तुष्टुवुस्तं महात्मानमभिषिक्तं वरासने ॥ ४६ ॥ ततोऽभिषिक्ते राजेन्द्र निष्केणोभिर्धनेन च । वाचयामास विप्राग्र्यान् राधेयः परवीरहा ॥ ४७ ॥ जय पार्थान् सगोविन्दान् सानुगांस्तान्महाहवे । इति ते वन्दिनः प्राहुर्द्विजाश्च पुरुषर्षभम् ॥ ४८ ॥ जहि पार्थान् सपाञ्चालान् राधेय विजयायनः । उद्यन्निव सदा भानुस्तमांस्युग्रैर्गभस्तिभिः ॥ ४९ ॥ न हालं त्वद्विसृष्टानां शराणां वै सकेशवाः । उलूकाः सूर्यरश्मीनां ज्वलतामिव दर्शने ॥ ५० ॥ न च पार्थाः सपाञ्चालाः स्थातुं शक्तास्तवाग्रतः । आत्तशस्त्रस्य समरे महेन्द्रस्येव दानवाः ॥ ५१ ॥ अभिषिक्तस्तु

मन्त्रों के द्वारा कर्णका अभिषेक कराया । ४५ । ब्राह्मण क्षत्री वैश्य और अंगीकार कियेहुये शूद्रोंने भी उस महात्मा कर्णको प्रसन्न किया जो स्नान किये हुये उत्तम आसनपर विराजमानथा । ४६ । हे राजेंद्र फिर अभिषेक होजानेपर शत्रुहन्ता कर्ण ने निष्क और गोधन देकर ब्राह्मणों से स्वस्ति वाचन कराया।४७। उस समय वन्दीजन और ब्राह्मणों ने उस पुरुषोत्तमसे यह कहाकि तुम गोविन्दजी आदि सब साथियोंसमेत पाण्डवोंको विजयकरो । ४८ । हेकर्ण तुमहमारी विजयके निमित्त पांचालोंसमेत सब पांडवोंको ऐसेमारो जैसे कि सदैव होनेवाला सूर्य बड़े अन्धकार को दूर करता है । ४९ । आप के बाणोंको केशवजी समेत पाण्डवलोग देखने को भी ऐसे समर्थ न होंगे जैसे कि सूर्य्य की प्रकाशित किरणों के देखने को उलूक पक्षी नहीं समर्थ होसक्ता है । ५० । युद्धमें तुम शस्त्रधारी के सन्मुख पाण्डव नियत होनेको ऐसेसमर्थ नहींहैं जैसे कि महाइन्द्र के सन्मुख दैत्य दानव नियत नहीं होसक्ते । ५१ । अभिषेक किया हुआ वह कर्ण बड़े

water from the vessels of gold, earth, inory, horn of rhinoceros and the tusks of other sacrificial animals, decked with pearls and jewels and mixed with odorous things and rice, with incantations of Vedic hymns, 45. Brahmans, kshatryas Vaishyas and Shudras praised Karan who sprinkled over with holy water sat on a precious seat. After the ceremony of Abhishek, Karan the destroyer of foes *gave gold coins and cows to Brahmans and recieved benedictions* in return. The bards and Brahmans said "You will conquer the Pandavas and their allies together with Govind. Destroy the Pandavs and Panchals as the sun does the darkness. Keshav and the Pandavas will be unable to look at your arrows as owls are to look at the Sun. 50. The Pandavas will not be able to withstand you in fight as the Daityas and Danavas are to withstand Indra. Sprinkled over with holy water, Karan looked glorious like a second Sun.

राधेयः प्रभया सोमितप्रभः। अत्यरिच्यत रूपेण दिवाकर इवापरः ॥ ५२ ॥ सैन्यापत्ये तु राधेयमभिषिच्य सुतस्तव। अमन्यत तदात्मानं कृतार्थं कालचोदितः॥५३॥ कर्णोऽपि राजन् संप्राप्य सेनापत्यमरिन्दमः। योगमाज्ञापयामास सूर्य्यस्योदयनं प्रति ॥ ५४ ॥ तव पुत्रैर्वृतः कर्णः शुशुभे तत्र भारत। देवैरिव यथा स्कन्दः संग्रामे तारकामये ॥५५॥

इति श्री कर्णपर्वणि कर्णाभिषेके दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

धृतराष्ट्र उवाच। सेनापत्यन्तु संप्राप्य कर्णो वैकर्तनस्तदा। तथोक्तश्च स्वयं राज्ञा स्निग्धं भ्रातृसमं वचः ॥ १ ॥ योगमाज्ञाप्य सेनानामामादित्येऽभ्युदिते तदा। अकरोत् किं महाप्राज्ञस्तन्ममाचक्ष्व सञ्जय ॥ २ ॥ सञ्जय उवाच। कर्णस्य मतमाज्ञाय

तेजसे दूसरे सूर्य्य के समान प्रकाशमान हुआ। ५२। तब काल से प्रेरित आपके पुत्र ने कर्ण को सेनापति के अधिकार पर अभिषेक करा के अपने को सिद्ध मनोरथ समझा। ५३। हे राजा विजयी कर्णने भी सेनापति होकर सूर्य्योदय के समय सेना के तय्यार होनेकी आज्ञादी। ५४। फिर वहां आपके पुत्रों समेत वह कर्ण ऐसा शोभित हुआ जैसे कि तारकासुर के युद्धमें देवताओं समेत स्वामि कार्तिक जी शोभित हुये थे। ५५।

अध्याय ॥ ११ ॥

धृतराष्ट्रबोले कि जब सूर्य्य के पुत्र कर्ण ने सेनापति पदवीको पाकर राजा दुर्य्योधन से भाई के समान मृदुभाषणको सुनके ।१। सूर्य्योदय समय असंख्य सेनाकी तैयारीकेलिये आज्ञादेकर क्या काम किया हे संजय उसको मुझे समझाके कहो ।२। संजयबोले हे भरतर्षभ आपके पुत्रोंने कर्णके अभिप्रायको जानकर

Then your son, moved by Destiny, having installed Karan as commander of his armies, thought that had got the desire of his heart. Karan the conquerer too, ordered the armies to be ready at day break. Surrounded by your sons, Karan looked glorious like Kartik in the war of Tarakasur," 55.

CHAPTER XI

Dhritrashtra said, "Being installed as commander of the armies and hearing sweet, brotherly words of prince Duryodhan, what was

पुत्राणां भरतर्षभ । योगमाज्ञापयामासुर्नन्दितूर्य्यपुरःसरम् ॥ ३ ॥ महत्यपररात्रे च तव सैन्यस्य पार्थिव । यागो योगेति सहसा प्रादुरासीन्महास्वनः ॥ ४ ॥ कल्पतां नागमुख्यानां रथानाञ्च वरूथिनाम् । सन्नह्यतां पतातीनां वाजिनाञ्च विशाम्पते ॥५ ॥ क्रोशतां चापि योधानां त्वरितानां परस्परम् । बभूव तुमुलः शब्दो दिवस्पृक् समहास्वनः ॥ ६ ॥ ततः श्वेतपताकेन बलाकावर्णवाजिना । हेमपृष्ठेन धनुषा नागकक्षेण केतुना ॥ ७ ॥ तूणीरशतपूर्णेन सगदेन वरूथिना । शतघ्नी किङ्किणी शक्तिशूलतोमरधारिणा ॥ ८ ॥ कार्मुकैरुपपन्नेन रविमलादित्यवर्च्चसा । रथेनातिपताकेन सूतपुत्रोऽभ्य इद्यत ॥ ९ ॥ ध्मापयन् वारिजं राजन् हेमजालविभूषितम् । विधन्वानो महच्चापं कार्त्तस्वरविभूषितम् ॥ १० ॥ दृष्ट्वा कर्णं महेष्वासं रथस्थं रथिनाम्वरम् भानुमन्त मिवोद्यन्त तमोघ्नं दुरासदम् ॥ ११ ॥ न भीष्मव्यसनं केचिन्नापि द्रोणस्य भारत ।

सेनाकी तैयारी के लिये आज्ञा करी जिसमें आनन्दमंगल सूचक बाजे आगे चले ।३। और पिछले रात्रि में अकस्मात् आपकी सेनामें तैयारी करनेका शब्द अधिकपतामें हुआ ।४। इसकेपीछे अलंकृत उत्तम हाथी रथ मनुष्य पदाती घोडे ।५। और शीघ्रता करनेवाले और परस्परमें बोलनेवाले शूरवीरों के महाकठिन शब्द आकाशतक व्याप्तहुये ।६। इसके पीछे श्वेतपताका और हंसके वर्ण घोड़े सुवर्ण पृष्ठी धनुष नागकुक्षीध्वजा ।७। सैकड़ों तूणीरों से युक्त बाजूबन्द और कवचों को धारणकरनेवाले शतघ्नी किंकिणी शक्ति शूल और तोमरोंसे भरेहुये धनुषोंसे युक्त निर्मल सूर्य के समान प्रकाशमान वायु के विपरीत होनेसे सम्मुख पताकावाले रथ की सवारियों से ।९। और स्वर्णमयी जालों से अलंकृत शंखको बजाता स्वर्णमयी धनुषको हिलाताहुआ कर्ण चला हे श्रेष्ठ नरोत्तम वहां कौरवों ने उस बड़े धनुषधारी रथारूढ़ सूर्य्य के समान प्रकाशित असह्य तेजसे अन्धकार को दूरकरते हुये कर्णको देखकर ।११। किसीने भी भीष्म द्रोणाचार्य्य और अन्य वीरोंके दुःखों

the next deed of Karan, when he had ordered the armies to be ready at the break of day; tell me all this, Sanjaya." Sanjaya said, "Knowing the desire of Karan, your sons ordered the armies to be prepared, with the cheerful musical instruments. Towards the end of the night there was a great noise of preparations in your army. Then good elephants, cars, foot, and horse, well-decked, made together a tremendous noise reaching to the sky. 6. With white the banner, swan-coloured horses, gold-backed bow and standard with device of the rope of an elephant, followed by the warriors having hundreds of quivers, arm-guards, armours, Shataghnis, kinkinis, spears, darts, tomars and bows, glorious like the sun, with banners fluttering in the air, blowing conchs covered with gold nets, Karan went on moving his bow. The Kauravas seeing Karan the great

नान्येषां पुरुषव्याघ्र मेनिरे तत्र कौरवाः ॥ १२ ॥ ततस्तु त्वरयन् योधान् शंखशब्देन मारिष । कर्णो निष्कर्षयामास कौरवाणां महद्बलम् ॥ १३ ॥ व्यूह्य व्यूह्य महेष्वासो मकरं शत्रुतापनः । प्रत्युद्ययौ तदा कर्णः पाण्डवान् विजिगीषया ॥ १४ । मकरस्य तु तुण्डे वै कर्णो राजन् व्यवस्थितः । नेत्राभ्यां शकुनिः शूर उलूकश्च महारथः ॥१५॥ द्रोणपुत्रस्तु शिरसि ग्रीवायां सर्वसोदराः । मध्ये दुर्योधनो राजा बलेन महतावृतः ॥ १६ ॥ वामे पादे तु राजेन्द्र कृतवर्मा व्यवस्थितः । नारायणबलैर्युक्तो गोपालैर्युद्धदुर्मदैः ॥ १७ ॥ पादे तु दक्षिणे राजन् गौतमः सत्यविक्रमः । त्रिगर्तैस्तु महेष्वासैर्दाक्षिणात्यश्च संवृतः ॥ १८ ॥ अनुपादे तु यो वामस्तत्र शल्यो व्यवस्थितः । महत्या सेनया सार्द्धं मद्रदेशसमुत्थया ॥ १९ ॥ दक्षिणे तु महाराज सुषेणः सत्यसङ्गरः । शूरो रथसहस्रेण दन्तिनाञ्च त्रिभिः शतैः ॥ २० ॥ पुच्छेऽप्यासन्नौ महावीर्यौ भ्रातरौ पार्थिवौ

को नहीं माना । १२ । इसके पीछे शंखध्वनि के द्वारा शूरवीरों को चैतन्य करते हुये कर्ण ने कौरवों की बड़ीसेना को निकाला । १३ । इसरीति से महाधनुषधारी शत्रुसंतापी कर्ण मकरव्यूह को रचकर पाण्डवों के विजय की इच्छासे सम्मुखचला । १४ । हे राजा उस मकरव्यूह के मुखपर तो कर्ण नियत हुआ नेत्रों के समीप महारथी शकुनी और शूरवीर उलूक नियतहुये । १५ । शिरपर अश्वत्थामा और ग्रीवापर सब सगेभाई और मध्य में बड़ी सेना समेत आप राजा दुर्योधन नियत हुआ । १६ । और वामपादपर नारायण और गोपाल नाम सेनासे युक्त दुर्मद कृतवर्मा नियत हुआ और बड़े धनुषधारी त्रिगर्तदेशी सत्य पराक्रमी कृपाचार्य जी दक्षिण चरणके समीप नियत हुये । १८ । और मद्रदेशी बड़ी सेना समेत राजा शल्य बायें चरण के पीछे और हजाररथ और तीनसौ हाथियों समेत सत्यसंकल्प सुषेण दक्षिण चरणके पीछे हुआ । २० । बड़ी सेना समेत बड़े पराक्रमी

archer mounted on a car bright like the sun, dispelling darkness, none felt sorrow for the death of Bhishm and Drona. Then urging the warriors with the sounds of his conch, Karan the destroyer of foes arranged the array into the crocodile army and went on to conquer the Pandavas. Karan stood at the mouth of the array, Shakuni and Ulak at the eyes, Ashwathama at the head, Duryodhan's own brothers at the neck and Duryodhan himself, with a large army, stood in the middle. 16. Brave Kritvarma, with the Narayans and Gopals, stood at the left foot, and the great archers of Trigart, led by Kripacharya, stood at the right foot. King Shalya of Madra, with a large army, stood behind the left foot, and Sushen of true prowess, with a thousand elephants and three hundreds of cars, was behind the right foot. 20. The two brother princes, Chitra and

तदा। चित्रश्च चित्रसेनश्च महत्या सेनया वृतौ ॥ २१ ॥ तथा प्रयाते राजेन्द्र कर्णे नर वरोत्तमे। धनञ्जयमभिप्रेक्ष्य धर्मराजो ब्रवीदिदम् ॥ २२ ॥ पश्य पार्थ यथा सेना धार्तराष्ट्रीह संयुगे। कर्णेन विहिता वीरः गुप्ता वीरैर्महारथैः ॥ २३ ॥ हतवीरतमा ह्येषा धार्तराष्ट्री महाचमूः। फल्गुप्रेषा महाबाहो तृणैस्तुल्या मता मम ॥२४ ॥ एको ह्यत्र महेष्वासः सूतपुत्रो विराजते। सदेवासुरगन्धर्वैः स किन्नरमहोरगैः ॥ २५ ॥ चराचरैस्त्रिभिर्लोकैर्योजयो रथिनाम्वरः। तं हत्वाद्य महाबाहो विजयस्तव फाल्गुनः ॥ २६ ॥ उद्धृतश्च मयेच्छल्यो मम द्वादशवार्षिकः। एवं ज्ञात्वा महाबाहो व्यूहं व्यूह यथेच्छसि ॥ २७ ॥ भ्रातुरेतद्वचः श्रुत्वा पाण्डव श्वेतवाहनः। अर्द्धचन्द्रेण व्यूहेन प्रत्य व्यूहत तां चमूम् ॥ २८ ॥ वामपार्श्वे तु तस्याथ भीमसेनो व्यवस्थितः। दक्षिणे च

दोनों भाई राजा चित्र और चित्रसेन पुच्छपर नियत हुये । २१ । हे राजेन्द्र इसरीति से नरोत्तम कर्ण के चलने पर धर्मराज युधिष्ठिर अर्जुनकी ओर देखकर यहबोले । २२ । कि हे वीर अर्जुन देखो जैसे जस इस युद्ध में शूरवीर महारथियों से रक्षित दुर्योधनकी सेना कर्णने अलंकृतकरी । २३ । वह दुर्योधनकी बड़ी सेना वही है जिसके बड़े वीर मारेगये हे महाबाहो यहशेष बचीहुई है आशय यहहै कि यह सेना मेरी बुद्धिसे तृणोंकी समान है । २४ । इस सेना भर में अकेला धनुषधारी कर्णही प्रकाशित है यह रथियों में श्रेष्ठ कर्ण देवता असुर किन्नर गंधर्व नाग और । २५ । तीनों लोकोंके स्थावर जंगमों से महादुर्जय है हे महाबाहु अर्जुन अब इसकेही मारनेपर तेरी पूर्ण विजयहै । २६ । इसके मरनेपर बारहवर्षका मेरा कंटक उखड़जायगा हे महाबाहु ऐसा जान और समझकर व्यूहको जैसा चाहो वैसा तैयार करो । २७ । पाण्डव अर्जुनने भाई के उस वचनको सुनकर अपनी सेनाको अर्द्धचन्द्र व्यूहसे अलंकृतकिया। २८ । उसके वामभागपरभीमसेन

Chitrasen, with a large army, stood at the tail. When Karan had thus arrayed his army in the above-mentioned way, Yudhishthir looked at Arjun and said, "Look at the army of Duryodhan see how it is arrayed by Karan. It is the army of which the great warriors are slain. I think the rest of the army is like a straw Karan's is the only prominent figure in the whole army. Karan the best of warriors is hard to be vanquished by gods, *asurs*, *kinnars*, *gandharvas* and the moveable and immoveable things in the three worlds. You will gain a complete victory after slaying him. 26. My grief of twelve years standing will be effaced by his death. Remembering all this, you may arrange the army as you like. Hearing his brother's words Arjun the Pandava formed his army into a crescent-shaped array. Bhimsen was on the left wing and

महेष्वासो धृष्टद्युम्नो व्यवस्थितः ॥२९॥ मध्ये व्यूहस्य राजातु पाण्डवश्च धनञ्जयः । नकुलः सहदेवश्च धर्मराजस्य पृष्ठतः ॥ ३० ॥ चक्ररक्षौतु पाञ्चाल्यौ युधामन्यूत्तमौ जसौ । नार्जुनं जहतुर्युद्धे पाल्यमानौ किरीटिना ॥ ३१ ॥ शेषा नृपतयो वीराः स्थिता व्यूहस्य दंशिताः । यथाभागं यथोत्साहं यथायत्नञ्च भारत ॥ ३२ ॥ एवमेतन्महा व्यूहं व्यूह्य भारत पाण्डवा । तावकाश्च महेष्वासा युद्धायैव मनो दधुः ॥ ३३॥ दृष्ट्वा व्यूढां तव जमूं सूतपुत्रेण संयुगे । निहतान् पाण्डवान् मेने धार्त्तराष्ट्रः सबान्धवः॥३४॥ तथैव पाण्डवीं सेनां व्यूढां दृष्ट्वा युधिष्ठिरः । धार्त्तराष्ट्रान् हतान् मेने सकर्णान् वै जनाधिपः ॥ ३५ ॥ ततः संखाश्च भेर्य्यश्च पणवा नकदुन्दुभिः । डिण्डिमाश्चात्यहन्यन्त शब्दाश्च समन्ततः ॥ ३६ ॥ सेनयो रुभयो राजन् प्रायावन्त महास्वनाः । सिंहनादश्च

और दाहिने भागपर बड़ा धनुषधारी धृष्टद्युम्न वर्त्तमान हुआ । २९ । और व्यूह के मध्य में राजा युधिष्ठिर और अर्जुन नियत हुये और धर्मराज के पीछे नकुल सहदेव हुये । ३० । और पांचाल देशी उत्तमौजा और युधामन्यु रथके पहियोंके रक्षकहुये अर्जुनसे रक्षित उन दोनोंनेभी युद्धमें अर्जुन को नहीं त्यागा । ३१ । हे राजा शेषशूरवीर राजा लोग शस्त्रादि से अलंकृत अपनी २ युक्तिके अनुसार व्यूहमें नियतहुये । ३२ । पांडव और अन्य शूरवीरों ने इसरीति से अपनेव्यूहको रचकर तैयार किया हे राजा इसरीति से पांडव और आपके पुत्रोंने अपने व्यूहों को रचकर युद्ध करनेको उत्साहकिया । ३३ । दुर्य्योधन ने कर्णकी रचितकी हुई अपनी सेनाको युद्धमें देखकर भाई बन्धुओं समेत पांडवोंको मृतक रूप जाना । ३४ । उसी प्रकार राजा युधिष्ठिर ने भी अपनी पांडवी सेनाको अलंकृत देखकर कर्ण समेत धृतराष्ट्र के पुत्रोंको मृतक रूपमाना । ३५ । इसके पीछे शंखभेरी ढोल दुन्दुभी डिमडिम आदि बाजेभी चारोंओर से बजे ।३६। हे राजा उस समय दोनों सेनाओं में बड़े शब्दायमान बाजे बजे और युद्धाभिलाषी शत्रुहन्ता शूर वीरों के भी

the great archer Dhrishtadyumn on the right. In the middle of the array stood Prince Yudhishthir and Arjun and behind Yudhishthir were Nakul and Sahadev. 30. Uttamanja and Yudhamanyu of Panchal protected the right and left wheels of Arjun and were always with him. The rest of the princes, armed with arms and armour, stood in ranks. The Pandavas and Kauravas, having thus arranged their armies, stood ready to fight. Seeing his army arrayed by Karan, Duryodhan took the Pandav brothers for dead. Yudhishthir too, seeing the Pandav army well arranged, thought that Karan and the sons of Dhritrashtra would die. 35. Conchs, trumpets, tomtoms and other musical instruments sounded. There was a great noise of musical instruments in both the armies and

भेभ्यो यथा क्षीणे पुण्ये स्वर्गसदस्तदा ॥ ७ ॥ गदाभिरन्ये गुर्वीभिः परिघैर्मुषलैरपि । पोथिताः शतशः पेतुर्धीरा वीरतरे रणे ॥ ८ ॥ रथा रथैर्विमथिता मत्ता मत्तैर्द्विपैः द्विपैः सादिनः सादिभिश्चैव तस्मिन् परमसंकुले ॥ ९ ॥ रथैर्नरा रथा नागैरश्वारोहाश्च पत्तिभिः । अश्वारोहैः पदाताश्च निहता युधि शेरते ॥ १० ॥ रथाश्वपत्तयो नागै रथाश्वेभाश्च पत्तिभः । रथपत्तिद्विपाश्चाश्वै रथैश्चापि नराद्विपाः ॥ ११ ॥ रथाश्वेभनराणान्तु नराश्वेभरथैः कृतम् । पाणिपादैश्च शस्त्रैश्च रथैश्च कदनं महत् ॥ १२ ॥ तथा तस्मिन् बले शूरैर्वध्यमाने हतेषु च । अस्मानभ्याययुः पार्था वृकोदरपुरोगमाः ॥ १३ ॥ धृष्टद्युम्नः शिखण्डी च द्रौपदेयाः प्रभद्रकाः । सात्यकिश्चेकितानश्च द्राविडैः सैनिकैः सह ॥ १४ ॥ वृता व्यूहेन महता पाण्ड्याञ्चोलाः सकेरलाः । व्यूढोरस्का दीर्घभुजा मांशवः पृथुलोचनाः ॥ १५ ॥ आपीडिनो रक्तदन्ता मत्तमातङ्गविक्रमाः । नानाविरागव

पुण्य होनेसे स्वर्गवासी जीव अपने अपने विमानों से गिरते हैं । ७ । युद्धमें बड़े २ वीरों की भारी गदा परिघ और मूसलों से भी मारेहुये अन्य हजारों वीर पृथ्वी पर गिरे । ८ । रथी रथियों से मतवाले हाथी मतवाले हाथियों से अश्वारूढ़ अश्वारूढ़ोंसे उस कठिन युद्धमें महित कियेगये । ९ । रथोंसे मनुष्य और हाथियों से रथ वा पत्तियों से रथी और हाथियोंसे रथपति घोड़े और सवार और हाथी दोनों रथों से मथेगये । ११ । मनुष्य घोड़े हाथी और रथियों ने हाथ पांव शस्त्र रथों से रथ घोड़े हाथी और मनुष्यों का बड़ा विनाशकिया । १२ । इसरीति से शूरवीरों के हाथसे सेनाके घायल और मारे जाने से वह पाण्डव जिनमें अग्रगामी भीमसेन था हमारे सम्मुख आये । १३ । धृष्टद्युम्न शिखंडी द्रौपदी के पुत्र प्रभद्रक नामक्षत्री सात्यकि चेकितान द्राविड़ देशी सेना समेत । १४। बड़े व्यूहसे युक्त और बड़े वक्षस्थल लम्बी भुजा दीर्घनेत्री बलवान् आभूषणों से अलंकृत । १५ ।

---

phants and cars, like the denizens of heaven falling down at the exhaustion of their merits. The heavy maces, clubs and musals, discharged in battle, killed many warriors. The elephants were sl by mad elephants, car warriors by car warriors and horsemen b horsemen. Men were crushed by cars, cars by elephants, car warriors by footsoldiers, and horses and elephants by car warriors an elephants. 11. Men, horses, elephants and car warriors, with their hands, feet, weapons and cars, destroyed cars, horses, elephants, and men in large numbers. Thus wounded and slain by warriors, we were opposed by that part of the army which was led by Bhi Dhrishtadyumn, Shikhandi, the Prabhadrakas, Chekitan, the Dravidians, with a large army of warriors having broad chests, long large eyes and great prowess and decked with ornaments, 15. full

सना गन्धचूर्णावचूर्णिताः ॥ १६ ॥ खड्गासयः पाशहस्ता वारणप्रतिवारणाः । समान मृत्यवो राजन् नात्यजन्त परस्परम् ॥१७॥ कलापिनश्चापहस्ता दीर्घकेशाः प्रियम्वदाः । पत्तयः सादिनश्चान्ये घोररूपपराक्रमाः ॥१८॥ अथापरे पुनः शूराश्चेदिपाञ्चालकैकयाः । कारूषा कोशलाः काञ्च्या मागधाश्चापिदुद्रुवुः ॥ १९ ॥ तेषां रथाश्वनागाश्च प्रवरो ग्रोग्रपत्तयः । नानावाद्यधरैर्हृष्टा नृत्यन्ति च हसन्ति च ॥ २० ॥ तस्य सैन्यस्य महतो महामात्रवरैर्वृतः । मध्ये वृकोदरोऽयायात्यदीयान्नागधूर्गतः ॥२१॥ स नागप्रवरोत्युग्रो विधिवत्कल्पितो बभौ । उदयाद्रिभवनं यथाऽभ्युदितभास्करम् ॥ २२ ॥ तस्यायसं

रक्तदंत मतवाले हाथी के समान पराक्रमी नाना प्रकार के रंगोंकी पोशाकों से भूषित चन्दनादि से चर्चित देहवाले खड्ग भिंदिपालों को हाथमें लिये हाथियों के हटानेवाले एकसी मृत्युवाले पांड्य चोल और केरल लोगोंने परस्परमें त्याग नहीं किया । १७ । तूणीर धनुष भिंदि हाथ में लिये लम्बे केश रखने वाले प्रियभाषी घोर पराक्रमवाले अन्य पति और अश्वारूढ़ोंनेभी परस्परमें त्याग नहीं किया इसके पीछे दूसरे शूर चन्देरी पांचाल केकय कारूष कौशल कांच्य और मगधशूरवीर सम्मुखदौड़े । १९ । उनके रथघोड़े हाथी और अत्यन्त भयानक पतिलोग नाना-प्रकार के बाजे बजाने वालों के साथ में बड़े प्रसन्न चित्त हँसते नाचते और गातेथे ।२०। अत्यन्तउत्तमरथोंसे युक्तहाथीके कन्धोंपरसवार भीमसेन बड़ीसेनाकेमध्यमेंआपके शूरवीरोंके सम्मुखगये।२१। अत्यन्तउत्तम महाभयानक बुद्धिके अनुसार अलंकृतकिया हुआ वहहाथी ऐसाशोभमानहुआ जैसेकि सूर्योदयवाला उदयाचलका भवन शोभा यमान होताहै । २२ । उसका लोहमयी रत्नोंसेजटित कियाहुआकवच इसप्रकारका प्रकाशमान था जैसे कि नक्षत्रों समेत शरद ऋतुका आकाश शोभित होता है

prowess like mad elephants, clad in various sorts of clothes with their bodies decked with sandal paste, armed with swords and bhindipals that could withstand elephants, dying in the same cause, the warriors of Pandya, Chola and Keral stood firmly by one another. Armed with quivers, bows and bhindipals, wearing long hair, speaking in a mild tone, of dreadful prowess, the other foot soldiers and, horsemen did not desert one another. The other warriors of Chanderi, Panchal, Kaikaya, Karush, Kosal, Kanchi and Magadh pushed on. Their cars, horses, elephants and dreadful foot soldiers, with musical instuments, laughed, danced and sang cheerfully. 20. Followed by excellent cars, mounted on the back of an elephant, Bhimsen, with a large army, opposed your warriors. Decked with great precision, the dreadful elephant looked glorious like the mountain from behind which the sun rises. His iron panoply, inlaid with

धर्मधरं वररत्नविभूषितम् । ताराव्याप्तस्य नभसः शारदस्य समत्विषम् ॥ २३ ॥ स तोमरव्यग्रकरश्चारुमौलिः स्वलंकृतः । शरन्मध्यन्दिनार्को भलेजसाऽवदहद्रिपून् ॥ २४ ॥ तं दृष्ट्वा द्विरदं दूरात् क्षेमधूर्त्तोऽद्विपस्थितः । आह्वयन्नभिदुद्राव प्रमनाः प्रमन स्तरम् ॥ २५ ॥ तयोः समभवद्युद्धं द्विपयोरुरुपयोः । यदृच्छया द्रुमवतोर्महापर्वतयोरिव ॥ २६ ॥ संसक्तनागौ तौ वीरौ तोमरैरितरेतरम् । चलद्भिः सूर्य्यरश्म्याभैर्भित्त्वान्योन्यं विनेदतुः ॥ २७ ॥ अपसृत्य तु नागाभ्यां मण्डलानि विचेरतुः । प्रगृह्य चोभौ धनुषी जघ्नतुर्वै परस्परम् ॥ २८ ॥ ह्रेषितास्फोटितरवैर्बाणशब्दैश्च सर्वतः । तौ जनं हर्षयन्तौ च सिंहनादं प्रचक्रतुः ॥२९॥ समुद्यतकराभ्यां तौ द्विपाभ्यां कृतिनावुभौ । वातोद्धूतपताकाभ्यां युयुधाते महाबलौ ॥ ३० ॥ तावन्योन्यस्य धनुषी

तोमर संयुक्त चपलभुज और सुन्दर मुकुटधारण कियेहुये महा अलंकृत सूर्य्य के समान प्रकाशमान वहभीमसेन अपने तेजसे शत्रुओंको भस्मकरताहुआ युद्ध में निपतहुआ । २४ । वहां हाथीपर चढ़ाहुआ क्षेमधूर्त्त दूसरे उसहाथीपर सवार बड़े साहसी भीमसेनको देखकर पुकारता और बुलाताहुआ सम्मुखगया । २५ । प्रथम तो इनदोनोंके हाथियोंमेंही परस्पर ऐसायुद्धहुआ जैसे कि दैवइच्छासे वृक्षों समेत दो पर्व्वतोंका युद्धहोताहै । २६ । उनहाथियोंके बड़े युद्ध होनेकेपीछे वहदोनों वीर सूर्य्यकी किरणरूप तोमरों से परस्पर एकएकको घायल करतेहुये बड़े वेगसे गर्जे । २७ । फिर वहदोनों हाथियोंके द्वारा हटकरके मण्डलोंमें घूमे और धनुषोंको पकड़कर परस्परमें एकने दूसरे को घायल किया । २८ । फिर उनदोनों ने भुजा और बाणोंकेशब्दोंसे मनुष्योंको प्रसन्नकरके बड़े सिंहनादोंको किया । २९ । और फिर वहदोनों महाबली ऊंची सूंडवाले हाथियों और वायुसे उड़तीहुई पताकाओं समेत युद्ध करनेलगे । ३० । उनदोनोंने परस्परमें एकने दूसरेके धनुष को काटकर शक्ति और तोमरों की वर्षासे परस्पर में ऐसे घायलकिया जैसे कि वर्षाऋतु में

gold, looked like the winter sky studded with stars. Armed with tomar, dexterous, wearing an excellent diadem, Bhim stood in the field of battle scorching the enemies. Kshemdhurti, riding on elephant, seeing Bhimsen from a distance, came on challenging and daunting him, 25. The two elephants opposed each other like mountains overgrown with trees. Then both the warriors wounded each other with tomars bright like the rays of the sun and roared loudly. They moved in circles with their elephants and wounded each other with arrows from their bows. They pleased the warriors with the sounds of their arms and arrows and roared leonine roars. Then their elephants with upraised trunks and banners fluttering with air, came in contact 30. They cut each other's bow and wounded with spears

छिन्नाम्योन्यं विनेदतुः। शक्तिं तोमरवर्षेण प्रावृण्मयेघाविवाम्बुभिः॥ ३१ ॥ क्षेमधूर्त्तिस्तदा भीमं तोमरेण स्तनान्तरे। निर्भिन्नेनातिवेगेन षड्भिश्चाप्यपरैर्नदन् ॥ ३२ ॥ स भीमसेनः शुशुभे तोमरैरङ्गमाश्रितैः। क्रोधदीप्तमयूखैः सप्तसप्तिरिवांशुमान् ॥ ३३ ॥ ततो भास्करवर्णमभञ्जोगतिमयस्मयम्। ससर्ज तोमरं भीमः प्रत्यमित्राय वीर्यवान् ॥ ३४॥ ततः कुलूताधिपतिश्चापमानम्य सायकैः। दशभिस्तोमरं छित्वा षष्ट्या विव्याध पाण्डवम् ॥ ३५ ॥ अथ कार्मुकमादाय भीमो जलदनिस्वनम् रिपोरभ्यर्दयन्नागमुन्नदन् पाण्डवः शरैः॥ ३६ ॥ स शरौघार्दितो नागो भीमसेनेन संयुगे। गृह्यमाणोऽपि नातिष्ठद्वातोद्धूत इवाम्बुदः ॥ ३७ ॥ तमभ्यधावयद्गिरिं भीमो भीमस्य नागराट्। महावातेरितं मेघं वातोद्धूत इवाम्बुदः ॥३८॥ संनिवार्यात्मनोनागं क्षेमधूर्त्तिः प्रतापवान्। विव्याधाभिमुखं बाणैर्भीमसेनस्य कुञ्जरम् ॥ ३९ ॥ ततः साधु

बादल जलोंसे व्यथित करतेहैं। ३१। उससमय महागर्जना करते हुये क्षेमधूर्त्तीं ने अत्यन्त वेगवान् दूसरे छः तोमरों से भीमसेन को छातीपर घायल किया। ३२। क्रोध से भराहुआ भीमसेन शरीर में लगेहुये तोमरों से ऐसा शोभायमानहुआ जैसे कि बादलोंसे सूर्य्य शोभितहोता है। ३३। इसके अनन्तर उपाय करनेवाले भीमसेनने सूर्य्य के समान प्रकाशित सीधा चलनेवाला लोहेका तोमर उसशत्रु के ऊपर फेंका। ३४। फिर राजा कुलूतने धनुषको नवाकर दशबाणोंसे तोमरको काटकर भीमसेनको घायलकिया। ३५। इसके अन्तर गर्जना करते भीमसेन ने बादलके समान शब्दायमान धनुषको लेकर बाणोंसे शत्रुके हाथीको घायल और पीड़ित किया। ३६। युद्धमें भीमसेनके बाणोंसे वह हाथी पीड़ितहोकर थँभाहुआ भी ऐसे नहीं ठहरसका जैसे कि वायुसे उड़ाहुआ बादल नहीं ठहरसक्ताहै। ३७। और भीमसेनका गजराज उसहाथीपर ऐसा दौड़ा जैसे कि वायु से उड़ा हुआ बादल बड़ीवायुसे उड़ेहुये बादलके पीछे दौड़ताहै। ३८। फिर प्रतापी क्षेमधूर्त्तीने अपने हाथीको अच्छी रीतिसे रोंककर शीघ्रही अपने बाणोंसे भीमसेन के हाथी

and tomars like showers of rain. Then Kshemdhurti, with loud roars, wounded Bhimsen with six sharp tomars on the breast. Bhim's body pierced through with the tomars looked glorious like the Sun overcast with clouds. Then Bhimsen hurled an iron tomar, bright like the sun, at his adversary. The king of Kulut, cut down the tomar with ten arrows and wounded Bhim. 35. Then Bhim, with a loud roar, took up his bow and wounded his adversary's elephant with arrows. The elephant wounded by the arrows could not be controlled and fled like a cloud blown up by the wind. Bhim's elephant chased the other like one cloud chasing another. Valiant Kshemdhurti then checked his elephant and with his arrows wounded the elephant of Bhim, and having cut down his bow with sharp

विसृष्टेन क्षुरेणानतपर्वणा । छित्वा शरासनं शत्रोर्नागमामिषमार्दयत् ॥ ४० ॥ ततः क्रुद्धो रणे भीमं क्षेमधूर्त्तिः परामिनत् । जघान चास्य द्विरदं नाराचैः सर्वमर्मसु ॥ ४१ ॥ स पपात महानागो भीमसेनस्य भारत । पुरा नागस्य पतनादुत्प्लुत्य स्थितो महीम् ॥ ४२ ॥ तस्य भीमोऽपि द्विरदं गदया समपोथयत् तस्मात् प्रमथिताद्भागात् क्षेमधूर्त्तिमथाप्लुतम् । उद्यतायुधमायान्तं गदयाहन् वृकोदरः ॥ ४३ ॥ स पपात हतः सासिरर्थं सुखमभितो द्विपम् । वज्रप्रभग्नमचलं सिंहो वज्रहतो यथा ॥ ४४ ॥ तं हतं नृपतिं दृष्ट्वा कुलूतानां यशस्करम् । प्राद्रवद्व्यथिता सेना त्वदीया भरतर्षभ ॥४५॥

इति श्री कर्णपर्वणि क्षेमधूर्त्तवधे द्वादशोऽध्यायः १२ ॥

को घायल किया इसके पीछे अच्छे प्रकार से छोड़ेहुये टेढ़ेपखवाले क्षुरप्रसे शत्रुके धनुषको काटकर प्रतिपक्षवाले शत्रुको पीड़ामान किया । ४० । इसके अनन्तर क्रोधयुक्त क्षेमधूर्त्तीने भीमसेनको घायल करके उसके हाथीको सब मर्मों में अपने नाराचोंसे घायलकिया । ४१ । हे भरतवंशी उसघायल करनेसेवह भीमसेनकाहाथी पृथ्वीपर गिरपड़ा और भीमसेन हाथीके गिरनेसे पूर्वहीं हाथी से कूदकर पृथ्वी पर निपतहुआ । ४२ । फिर भीमसेनने भी उसकेहाथीको को गदासे मारातब उस गदा से मथेहुये हाथीसे उतरेहुये और शस्त्र उठाकर आनेवाले क्षेमधूर्त्ती को भीमसेननेगदासे मारा । ४३ । और गदाकेलगतेही मृतकहोकर खड्गसमेत पृथ्वीपर ऐसे गिरपड़ा जैसे कि वज्रसे टूटाहुआ पर्व्वत वा वज्रसे मराहुआ सिंह पृथ्वी पर गिरता है । ४४ । हे भरतर्षभ उसकुलूतों के यशस्वी राजाको मृतकहुआ देखकर आपकी सेना भयभीत और पीड़ितहोकर भागी । ४५ ।

pointed arrows; wounded him several 5.40. Then Kshemdhurti, in a rage, wounded Bhimand his elephant in the vital parts. The elephant fell down on earth with the wounds, but Bhim jumped down from it before its fall and stood on the ground. Then Bhim slew his adversary's elephant with his mace and with the same he slew Kshemdhurti too, who had come down from his elephant and was coming on towards him with his weapon upraised. Kshemdhurti, with his sword, fell down by the blow like a mountain or a lion struck down by lighting. Seeing the fall of the king of Kulute, your army fled away terrified and distressed." 45.

सञ्जय उवाच । ततः कर्णो महेष्वासः पाण्डवानामनीकिनीम् । जघान समरे शूरः शरैः सन्नतपर्वभिः ॥ १ ॥ तथैव पाण्डवा राजं स्तव पुत्रस्य वाहिनीम् । कर्णस्य प्रमुखे क्रुद्धा निजघ्नुस्ते महारथाः ॥ २ ॥ कर्णोऽपि राजन् समरे व्यहनत् पाण्डवीं चमूम् । नाराचैरर्करश्म्याभैः कर्मारपरिमार्जितैः ॥ ३ ॥ तत्र भारत कर्णेन नाराचैस्ताडिता गजाः । नेदुः सेदुश्च मप्लुश्च चक्रमुश्च दिशो दश ॥ ४ ॥ वध्यमाने बले तस्मिन् सूतपुत्रेणमीरय । नकुलोऽभ्यद्रवत्कर्णं सूतपुत्रं महारथम् ॥ ५ ॥ भीमसेनस्तथा द्रौणिं कुर्वाणं कर्म दुष्करम् । विन्दानुविन्दौ कैकेयौ सात्यकिः समवारयत् ॥ ६ ॥ श्रुतकर्माणमायान्तं चित्रसेनो महीपतिः । प्रतिविन्ध्यस्तथा चित्रं चित्रकेतनकार्मुकम् ॥ ७ ॥ दुर्योधनस्तु राजानं धर्मपुत्रं युधिष्ठिरम् । संशप्तकगणान् क्रुद्धान् व्यधावद्धनञ्जयः ॥ ८ ॥ धृष्टद्युम्नः कृपेणाथ तस्मिन् वीरक्षये । शिखण्डी कृतवर्माणं समादयदच्युतः

अध्याय ॥ १३ ॥

सञ्जय बोले कि इसके पीछे बड़ेधनुषधारी शूरवीर कर्णने टेढ़ेपर्वाले बाणों से युद्धमें पांडवों की सेनाको मारा । १ । हे राजा उसीप्रकार क्रोधयुक्त उनपांडवों के महारथियों ने कर्णके देखते हुये आपके पुत्रकी सेना को मारा । २ । हे राजा फिर कर्ण नेभी सूर्यकी किरण के समान प्रकाशित चतुर कारीगरोंके साफ किये हुये नाराचों से उस युद्धमें पांडवी सेनाको मारा । ३ । तबतो कर्ण के नाराचों से घायल हुये हाथी चिग्घाड़ें मारनेलगे और महापीड़ित होकर दशोंदिशाओं में घूमने लगे । ४ । हे श्रेष्ठ कर्ण के हाथसे उस सेनाके घायल होनेपर शीघ्रही नकुल उस युद्धमें कर्ण के सम्मुखगया । ५ । उसीप्रकार भीमसेन ने कठिन कर्म्म करनेवाले अश्वत्थामा को और सात्यकीने विन्द अनुविन्दनाम केकयों को रोका । ६ । और राजा चित्रसेन ने आतेहुये श्रुतकर्माको और प्रतिविन्ध्यने अपूर्वध्वजाधारी राजा चित्रको रोका फिर राजा दुर्योधन ने धर्मपुत्र युधिष्ठिरको रोका और क्रोधयुक्त अर्जुन ने संशप्तक गणों को रोका । ८ । उस उत्तम वीरों के नाश में धृष्टद्युम्न

CHAPTER XIII

Sanjaya said, "Then great archer, Karan slew the Pandav army with his sharp arrrows. The Pandavas too, in their rage, slew the army of your sons in the presence of Karan. Karan too, slew the Pandav army with his well polished arrows bright as the rays of the Sun. The elephants wounded by Karan's arrows, shrieked loudly and fled away in all directions with pain. When Karan was thus destroying the armies, Nakul opposed him. 5. Bhimsen checked valiant Ashwathama and Satyaki opposed Vind and Anuvind the Kaikaya princes. Prince Chitrasen checked advancing Shrutkarma, while Prativandhya opposed Chitra the possessor of a

॥ ९ ॥ श्रुतकीर्तिस्तथा शल्यं माद्रीपुत्रः सुतं तव । दुःशासनं महाराज सहदेवः प्रतापवान् ॥ १० ॥ कैकयौ सात्यकिं युद्धे शरवर्षेण भारत । सात्यकिः कैकयौ चापि छादयामास भारत ॥११॥ तावेनं भ्रातरौ वीरौ अभ्यतुद्धृदये भृशम् । विषाणाभ्यां यथा नागौ प्रतिनागं महावने ॥१२॥ सरसंभिन्न मर्माणौ तावुभौ भ्रातरौ रणे । सात्यकिं सत्यकर्माणं राजन् विव्यधतुः शरैः॥१३॥ तौ सात्यकिर्महाराज प्रहसन् सर्वतो दिशः । छादयन् शरवर्षेण पर्यामास भारत ॥ १४ ॥ वार्य्यमाणौ ततस्तौ हि शैनेयशरदृष्टिभिः । शैनेयस्य रथं तूर्णं छादयामासतुः शरैः ॥ १५ ॥ तयोस्तु धनुषी चित्रे छित्त्वा शौरिर्महायशाः । अथ तौ सायकैस्तीक्ष्णैर्वार्यामास संयुगे ॥१६॥ तथान्ये धनुषी चित्रे प्रगृह्य च महारथान् । सात्यकिं छादयन्तौ तौ चेरतुर्लघु सुष्ठु च ॥ १७ ॥ तावा

कृपाचार्य से लड़नेलगा और शिखण्डी के सम्मुख अजेय कृतवर्मा नियत हुआ ।९। हे महाराज इसीप्रकार श्रुतकीर्त्ति ने शल्यको और माद्रीके पुत्र सहदेवने आपके पुत्र दुःशासनको रोका ।१०। दोनों कैकेयोंने युद्धमें प्रकाशित बाणों की वर्षासे सात्यकी को आघेरा सात्यकी ने बाणों से कैकयों को ढक दिया । ११ । हे भरतवंशी उन दोनों वीर भाइयों ने उसको हृदय पर ऐसा कठिन घायल किया जैसे कि वन में सम्मुख आनेवाले दो हाथी अकेले हाथीको अपने दांतों से घायल करते हैं । १२ । हे राजा बाणों से टूटेहुये कवचवाले सात्यकी को दोनों भाइयों ने बड़ा घायल किया । १३ । फिर सात्यकी ने हँसतेहुये बाणों की वर्षा करके उन दोनोंको सब ओरसे रोका । १४ । इसके पीछे सात्यकी के बाणों से रुके हुये उनदोनों ने शीघ्र बाणोंसे सात्यकीके रथको ढक दिया ।१५। फिर इसबड़े यशस्वी सूरवंशी सात्यकि ने उन दोनों के छत्र और धनुषों को काटकर उन दोनों को अपने तीक्ष्ण बाणोंसे रोका । १६ । तबतो उनदोनों ने दूसरे धनुषों को लेकर को ढकदिया और बहुत शीघ्रही शोभायुक्त होकर फिरनेलगे । १७ । और कंक

wonderful standard, Prince Duryodhan encountered Yudhishthir the just and Arjun fell upon the Sansaptaks. During the destructive battle Dhrishtadyumn fought with Kripacharya and Shikhandi with invincible Kritvarma. Similarly, Shrutkirti opposed Shalya, and Sahadev the son of Madri opposed your son Dushasan. 13. The two Kaikaya princes showered bright arrows over Satyaki. The two brave warriors wounded him hard on the breast as two furious elephants wound a single elephant in a forest with their tusks. The armour of Satyaki was pierced by their arrows. Then Satyaki, a smile, checked the two brothers with his arrows. Checked by Satyaki's arrows, they soon covered his car with their darts. 15. The glorious Satyaki of Sur family, cut down their umbrellas and and wounded them with his sharp arrows. They took up other

मुक्ता महाबाणाः कङ्कबर्हिणवाससः । द्योतयन्तो दिशः सर्वाः सेपतुः स्वर्णभूषणाः ॥ १८ ॥ दाणान्धकारमभवत् तयो राजन्महामृधे । अन्योन्यस्य धनुश्चैव चिच्छिदुस्ते महारथाः ॥ १९ ॥ ततः क्रुद्धो महाराज सात्यतो दुरुदुर्मदः । धनुरन्यत् समादाय सज्यं कृत्वा च संयुगे । क्षुरप्रेण सुतीक्ष्णेन अनुविन्दशिरोऽहरत् ॥ २० ॥ अवसंच्छिन्नो राजन्कुण्डलोपचितमहत् ॥ २१ ॥ शम्बरस्यशिरोयद्वन्निहतस्यमहारणे । शोचयन्केकयान् सर्वान् जगामाशु वसुन्धराम् ॥ २२ ॥ तं दृष्ट्वा निहतं शूरं भ्राता तस्य महारथः । सज्यमन्यद्धनुः कृत्वा शैनेयं पर्य्यवारयत् ॥ २३ ॥ तं दृष्ट्वा सात्यकिं विद्ध्वा स्वर्णपुंखैः शिलाशितैः । ननाद बलवन्नादं तिष्ठ तिष्ठेति चाब्रवीत् ॥ २४ ॥ सात्यकिस्तु ततस्तूर्णं केकयानां महारथः । शरैरनेकसाहस्रैर्बाहुवोरसि चार्पयत् ॥ २५ ॥ स शरैः क्षतसर्वाङ्गः सात्यकिः सत्यविक्रमः । रराज समरे राजन् सपुष्प इव किंशुकः

और घोरपंखों से शोभित दोनों के छोड़ेहुये प्रकाशित बाण सब ओरको गिरे । १८ । हे राजा उस महाभारी युद्धमेंउनदोनों के बाणों से अन्धकार सा छागया उस समय उन महारथियों ने परस्पर में एकने दूसरे के धनुषको काटा ।१९। इसके पीछे क्रोधभरे युद्ध में दुर्मदसात्यकि ने दूसरे धनुषको लेकर और तय्यारी करके युद्धमें बड़े तीक्ष्णक्षुरप्र से अनुविन्द के शिरको काटा । २० । हे राजा वह कुंडलों से अलंकृत महाभारी शिर । २१ । बड़े युद्धमें मरेहुये सम्बर के शिरके समान सब केकय लोगों को शोचताहुआ पृथ्वीपर गिरा ।२२। उस शूरवीर को मृतक देखकर उसके भाई महारथी ने दूसरे धनुष को तैयार करके सात्यकी को रोका । २३ । वह सुनहरी पुंख और तीक्ष्णधारवाले साठबाणों से सात्यकी को घायल करके तिष्ठ तिष्ठ वचन के साथ बड़े बलसे गर्जा । २४ । इसके पीछे केकयों के महारथी ने हजारों बाणों से बहुत शीघ्रता पूर्वक भुजा और छातीपर घायल किया । २५ । हे राजा बाणों से विदीर्ण सर्वांग सात्यकी युद्धमें ऐसा शोभित हुआ जैसे कि फूला हुआ किंशुकका वृक्ष होता है । २६ । युद्धमें महात्मा केकय के हाथसे घायल और

and covered Satyaki with their arrows and walked hither and thither gloriously. Decked with vulture and peacock feathers, their arrows fell on all sides and spread darkness in all directions. Then they cut down each other's bows. Then valiant Satyaki, much enraged, having prepared another bow, cut off the head of Anuvind with a sharp arrow. 20. The huge head, decked with rings, fell down like Samvar's head to the grief of all. Seeing that warrior dead, his brother prepared another bow and checked Satyaki. Having wounded Satyaki with sixty arrows of golden feathers and sharp edges, he said to him, "Stay, stay," and roared loudly. Then the Kaikaya warrior, wounded him with many arrows on the arms and breast. 25. With his body pierced through by arrows, Satyaki looked glorious

॥ ९ ॥ श्रुतकीर्तिस्तथा शल्यं माद्रीपुत्रः सुतं तव । दुःशासनं महाराज सहदेवः प्रतापवान् ॥ १० ॥ केकयौ सात्यकिं युद्धे शरवर्षेण भारत । सात्यकिः केकयौ चापि छादयामास भारत ॥११॥ तावेनं भ्रातरौ वीरौ जघ्नतुर्हृदये भृशम् । विषाणाभ्यां यथा नागौ प्रतिनागं महावने ॥१२॥ सरसंभिन्न मर्माणौ सायुधौ भ्रातरौ रणे । सात्यकिं सायकर्माणं राजन् विव्यधतुः शरैः॥१३॥ तौ सात्यकिर्महाराज प्रहसन् सर्वतो दिशः । छादयन् शरवर्षेण पीडयामास भारत ॥ १४ ॥ पीड्यमानौ ततस्तौ हि शैनेयशरवृष्टिभिः । शैनेयस्य रथं तूर्णं छादयामासतुः शरैः ॥ १५ ॥ तयोस्तु धनुषी चित्रे छित्त्वा शौरिर्महायशाः । अथ तौ सायकैस्तीक्ष्णैर्बाधयामास संयुगे ॥१६॥ अथान्ये धनुषी चित्रे प्रगृह्य च महाशरान् । सात्यकिं छादयन्तौ तौ चेरतुर्लघु सुष्ठु च ॥ १७ ॥ तावपि

कृपाचार्य से लड़नेलगा और शिखण्डी के सम्मुख अजेय कृतवर्मा नियत हुआ ।९। हे महाराज इसीप्रकार श्रुतकीर्त्ति ने शल्यको और माद्रीके पुत्र सहदेवने आपके पुत्र दुःशासनको रोका ।१०। दोनों केकेयोंने युद्धमें प्रकाशित बाणों की वर्षासे सात्यकी को आवेष्टित किया सात्यकी ने बाणों से केकयों को ढक दिया । ११ । हे भरतवंशी उन दोनों वीर भाइयों ने उसको हृदय पर ऐसा कठिन घायल किया जैसे कि वन में सम्मुख आनेवाले दो हाथी अकेले हाथीको अपने दांतों से घायल करते हैं । १२ । हे राजा बाणों से टूटेहुये कवचवाले सात्यकी को दोनों भाइयों ने बड़ा घायल किया । १३ । फिर सात्यकी ने हँसतेहुये बाणों की वर्षा करके उन दोनोंको सब ओरसे रोका । १४ । इसके पीछे सात्यकी के बाणों से रुके हुये उनदोनों ने शीघ्रही बाणोंसे सात्यकीके रथको ढक दिया ।१५। फिर इसबड़े यशस्वी सूरवंशी सात्यकि ने उन दोनों के छत्र और धनुषों को काटकर उन दोनों को अपने तीक्ष्ण बाणों से रोका । १६ । तबतो उनदोनों ने दूसरे धनुषों को लेकर सात्यकि को ढकदिया और बहुत शीघ्रही शोभायुक्त होकर फिरनेलगे । १७ । और कंक

wonderful standard, Prince Duryodhan encountered Yudhishthir the just and Arjun fell upon the Sansaptaka. During the destructive battle Dhrishtadyumn fought with Kripacharya and Shikhandi with invincible Kritvarma. Similarly, Shrutkirti opposed Shalya, and Sahadev the son of Madri opposed your son Dushasan. 13. The two Kaikaya princes showered bright arrows over Satyaki. The two brave warriors wounded him hard on the breast as two furious elephants wound a single elephant in a forest with their tusks. The armour of Satyaki was pierced by their arrows. Then Satyaki, with a smile, checked the two brothers with his arrows. Checked by Satyaki's arrows, they soon covered his car with their darts. 15. Then glorious Satyaki of Sur family, cut down their umbrellas and bows and wounded them with his sharp arrows. They took up other bo

मुक्ता महाबाणाः कङ्कबर्हिणवाससः । द्योतयन्तो दिशः सर्वाः संपतुः स्वर्णभूषणाः ॥ १८ ॥ बाणान्धकारमभवत् तेषां राजन्महामृधे । अन्योन्यस्य धनुश्चैव चिच्छिदुस्ते महारथाः ॥ १९ ॥ ततः क्रुद्धो महाराज सात्यतो युद्धदुर्मदः । धनुरन्यत् समादाय सज्यं कृत्वा च संयुगे । क्षुरप्रेण सुतीक्ष्णेन अनुविन्दशिरोऽहरत् ॥ २० ॥ अथ सच्छिरो राजन्कुण्डलोपचितं महत् ॥ २१ ॥ शम्बरस्य शिरो यद्वन्निहतस्य महारणे । शोचयन्केकयान् सर्वान् जगामाशु वसुन्धराम् ॥ २२ ॥ तं दृष्ट्वा निहतं शूरं भ्राता तस्य महारथः । सज्यमन्यद्धनुः कृत्वा शैनेयं पर्य्यवारयत् ॥ २३ ॥ स बद्ध्वा सात्यकिं विद्धा स्वर्णपुंखैः शिलाशितैः । ननाद बलवन्नादं तिष्ठ तिष्ठेति चाब्रवीत् ॥ २४ ॥ सात्यकिश्च ततस्तूर्णं केकयानां महारथः । शरैरनेकसाहस्रैर्बाहुवोरसि चार्पयत् ॥ २५ ॥ स शरैः क्षतसर्वाङ्गः सात्यकिः सत्यविक्रमः । रराज समरे राजन् सपुष्प इव किंशुकः

और बोरपंखों से शोभित दोनों के छोड़ेहुये प्रकाशित बाण सब ओरको गिरे । १८ । हे राजा उस महाभारी युद्धमेंउनदोनों के बाणों से अन्धकार सा छागया उस समय उन महारथियों ने परस्पर में एकने दूसरे के धनुषको काटा ।१९। इसके पीछे क्रोधभरे युद्ध में दुर्मदसात्यकि ने दूसरे धनुषको लेकर और तय्यारी करके युद्धमें बड़े तीक्ष्णक्षुरप्र से अनुविन्द के शिरको काटा । २० । हे राजा वह कुंडलों से अलंकृत महाभारी शिर । २१ । बड़े युद्धमें मरेहुये सम्बर के शिरके समान सब केकय लोगों को शोचताहुआ पृथ्वीपर गिरा ।२२। उस शूरवीर को मृतक देखकर उसके भाई महारथी ने दूसरे धनुष को तैयार करके सात्यकी को रोका । २३ । वह सुनहरी पुंख और तीक्ष्णधारवाले साठबाणों से सात्यकी को घायल करके तिष्ठ तिष्ठ वचन के साथ बड़े वेगसे गर्जा । २४ । इसके पीछे कैकयों के महारथी ने हजारों बाणों से बहुत शीघ्रता पूर्वक भुजा और छातीपर घायल किया । २५ । हे राजा बाणों से विदीर्ण सर्वांग सात्यकी युद्धमें ऐसा शोभित हुआ जैसे कि फूला हुआ किंशुकका वृक्ष होता है । २६ । युद्धमें महात्मा कैकय के हाथसे घायल और

and covered Satyaki with their arrows and walked hither and thither gloriously. Decked with vulture and peacock feathers, their arrows fell on all sides and spread darkness in all directions. Then they cut down each other's bows. Then valiant Satyaki, much enraged, having prepared another bow, cut off the head of Anuvind with a sharp arrow. 20. The huge head, decked with rings, fell down like Samvar's head to the grief of all. Seeing that warrior dead, his brother prepared another bow and checked Satyaki. Having wounded Satyaki with sixty arrows of golden feathers and sharp edges, he said to him, "Stay, stay," and roared loudly. Then the Kaikaya warrior, wounded him with many arrows on the arms and breast. 25. With his body pierced through by arrows, Satyaki looked glorious

॥ २६ ॥ सात्यकिः समरे विद्धः कैकेयेन महात्मना । कैकेयं पञ्चविंशत्या विव्याध प्रहसन्निव ॥ २७ ॥ तावन्योन्यस्य समरे सञ्छिद्य धनुषी शुभे । हत्वा च सारथिं तूर्णं हयांश्च रथिनावरौ । विरथावसियुद्धाय समाजग्मतुराहवे ॥ २८ ॥ शतचन्द्रचितं गृह्य चर्मणी सुभुजौ तथा ॥ २९ ॥ व्यरोचेतां समारङ्गे निस्त्रिंशवरधारिणौ । यथा देवासुरे युद्धे जम्भशक्रौ महाबलौ ॥ ३० ॥ मण्डलानि ततस्तौ तु विचरन्तौ महारणे । अन्योन्यमभितस्तूर्णं समाजग्मतुराहवे । अन्योन्यस्य वधे चैव चक्रतुर्यत्नमुत्तमम् ॥ ३१ ॥ कैकेयस्य द्विधा चर्म ततश्चिच्छेद सात्वतः । सात्यकेस्तु तथैवासौ चर्म चिच्छेद पार्थिवः ॥ ३२ ॥ चर्म छित्त्वा तु कैकेयस्तारागणशतैर्वृतम् । चचार मण्डलान्येव गत प्रत्यागतान्यपि ॥ ३३ ॥ तं चरन्तं महारङ्गे निस्त्रिंशवरधारिणम् । अपहस्तेन चिच्छेद शैनेयस्तवरयान्वितः ॥ ३४ ॥ सवर्मा कैकयो राजन् द्विधा छिन्नो महारणे । निपपात

हँसते हुये सात्यकी ने कैकेयको पचास बाणों से घायल किया । २७ । वह रथियों में श्रेष्ठ युद्धमें एक दूसरे के शुभ धनुषको काटकर बड़ी शीघ्रतासे घोड़े और सारथियों को मारकर रथसे उतरकर युद्धमें खड्गों से प्रहार करने के लिये सम्मुख हुये । २८ । वह सुन्दर भुजा और उत्तम खड्ग धारण करनेवाले दोनों शूरवीर चन्द्रसूर्य के चिह्नवाली ढालोंको लेकर उस महायुद्ध में ऐसे शोभायमान हुये जैसे कि देवासुर युद्धमें महाबली इंद्र और जंभशोभित हुयेथे । ३० । इसके पीछे युद्धमें मंडलों को घूमते शीघ्रही परस्पर में सम्मुख हुये । ३१ । और एक २ ने दूसरे के मारने में बड़े २ उपायकिये इसके पीछे सात्यकि ने कैकेयकी ढालके दो खंडकिये । ३२ । इसी प्रकार वह राजाभी सात्यकि की सैकड़ों नक्षत्रों से चिह्नित ढालको काटकर दाहिने और बायें मंडलों से घूमा । ३३ । फिर सात्यकि ने उस बड़ेयुद्धमें शीघ्रता से घूमने वाले कैकेयको तिरछेहाथ से मारडाला ।३४। हे राजा वह कैकेय उस घोरयुद्ध में कवच समेत दो खंड होकर ऐसे पृथ्वी में गिरपड़ा जैसे कि वज्रसे

---

like a *Kinshuk* tree in bloom. Wounded by the Kaikaya warrior, Satyaki, with a smile, wounded his adversary with twentyfive arrows. They cut and killed each other's bows, horses and drivers, and then coming down from their cars they stood ready to fight with swords. Possessing goodly arms and swords, they took up shields having the figures of suns and moons on them and looked glorious like Indra and Jambh in the war between the gods and asuras. 30. Then moving in circles, they opposed each other, each trying to slay the other. Satyaki broke the Kaikaya's shield into two parts. Similarly that king, too, having cut down Satyaki's shield, with moons and stars on it, moved in right and left circles. Then Satyaki slew that prince with a slanting sword thrust. His mailed body was

महेष्वासो वज्राहत इवाचलः ॥ ३५ ॥ ते निहत्य रणे शूरः शैनेयो रथानसमः । युधामन्युरथं तूर्णमारुरोह परन्तपः ॥ ३६ ॥ ततोन्यं रथमास्थाय विधिवत् संहितं पुनः । कैकेयानां महत् सैन्यं व्यधमत् सात्यकिः शरैः । ३७ ॥ सा वध्यमाना समरे कैकेयानां महाचमूः । तमुत्सृज्य रणे शत्रुं प्रदुद्राव दिशो दश ॥ ३८ ॥

इति श्री कर्णपर्वणि विन्दानुविन्दवधे त्रयोदशोऽध्यायः १३ ॥

सञ्जय उवाच । श्रुतकर्मा ततो राजञ्चित्रसेनं महीपतिम् । आजघ्ने समरे क्रुद्धः पञ्चाशद्भिः शिलीमुखैः ॥ १ ॥ अभिसारस्तु तं राजन्नवभिर्मृत्युसन्निभैः । श्रुतकर्माणमादाय मूर्ते विव्याध पञ्चभिः ॥ २ ॥ श्रुतकर्मा ततः क्रुद्धश्चित्रसेनं चमूमुखे । नाराचैः

घायल पर्व्वत गिरताहै। १५। इसरीतिसे रणियों में श्रेष्ठ शूरवीर सात्यकिने उस युद्ध में उसको मारा फिर वह शत्रुहन्ता शीघ्रही युधामन्यु के रथपर सवार हुआ । १६ । और थोड़े समय पीछे सात्यकि ने बुद्धिके अनुसार अलंकृत दूसरे रथपर सवार होकर बाणों से कैकेयों की बड़ी सेनाको मारा । ३७ युद्ध में वह कैकेयों की बड़ी सेना महाघायल होकर उस सात्यकि को छोड़कर दशोंदिशाओं को भागी । ३८ ।

अध्याय ॥ १४ ॥

